
JUNE 23
रांची,रविवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर99

सच्चाई का उजागर

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99



RESIST! REDUCING SUBSTANCE INGESTION AND STOPPING TRAFFICKING

## मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखण्ड सरकार...


हम सब का
एक ही नारा



# नशा मुक्त जीवन हो हमारा

टोल फ्री न॰ 112 (24x7) पर कॉल करें

झारखण्ड सरकार नशा मुक्त झारखण्ड के निर्माण के लिए संकल्पित है। इस पुनीत कार्य में आप समस्त प्रदेशवासियों का सहयोग अपेक्षित है। आइए हम सभी नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

JUNE 23
रांची,रविवार
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर99

सच्चाई का उजागर

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99



## NEET पेपर लीक मामले में CBI ने दर्ज की पहली एफआईआर, कल ही सौंपी गई थी जांच




संवाददाता,नई दिल्ली

**नई दिल्ली:** NEET पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। इसके बाद से अब सीबीआई ने इस मामले की जांच तेज कर दी है। आज सीबीआई ने NEET पेपर लीक मामले में पहली एफआईआर भी दर्ज कर ली है। सीबीआई ने NEET एग्जाम पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्रालय की शिकायत के बाद रेगुलर केस दर्ज किया। सीबीआई ने आईपीसी की धारा 420 धोखाधड़ी और 120बी यानी साजिश करने की एफआईआर दर्ज की है। वहीं अपनी पहली एफआईआर दर्ज करने के बाद अब सीबीआई ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अलग से दर्ज की गई एफआईआर

सूत्रों की माने तो सीबीआई की दिल्ली यूनिट NEET पेपर लीक मामले की जांच करेगी। सीबीआई की टीम लार्जर कॉन्सपिरेसी का पता लगाएगी। इसके साथ ही सीबीआई पब्लिक सर्वेंट, मिडिल मैन, इंस्टीट्यूट्स, प्राइवेट आरोपियों का पता लगाएगी। इसके अलावा बिहार और गुजरात में जो केस दर्ज हुए हैं, सीबीआई उन्हें भी टेकओवर करने के स्टेप ले रही है।

फिलहाल सीबीआई ने 120बी, 420 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन पीसी एक्ट के तहत रेगुलर केस दर्ज किया है। माना जा रहा है कि जल्द ही बिहार और गुजरात में दर्ज हुए मामलों को टेकओवर किया जाएगा। इसके बाद सीबाआई दोनों राज्यों की पुलिस से केस डायरी लेगी। वहीं बिहार में जो गिरफ्तारियां हुई हैं, उन आरोपियों की भी आगे कस्टडी में लेकर उनके रोल की जांच की जाएगी।

### कल ही सीबीआई को सौंपी गई थी जांच

बता दें कि इससे पहले यूजीसी नेट मामले में भी शिक्षा मंत्रालय की शिकायत के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ सीबीआई धोखाधड़ी और साजिश की धाराओं में रेगुलर केस दर्ज कर जांच शुरू कर चुकी है। दरअसल, नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए शनिवार को इसकी जांच सीबीआई को सौंपी थी। इससे पहले खबर आई कि रविवार (23 जून) को आयोजित की जाने वाली नीट-पीजी की प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई। अब इस परीक्षा के लिए नई तारीख का ऐलान किया जाएगा।

## निर्मला सीतारमण का कांग्रेस पर वार, 56 लोगों की मौत पर पूछा- कहां हैं राहुल और खरगे?





तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 56 लोगों की मौत हो चुकी है। निर्मला सीतारमण ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की है। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने मौन क्यों साधा हुआ है?तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 56 लोगों की मौत के बाद देशभर में हलचल मच गई। राज्य में जहरीली शराब पीने से अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि, सैकड़ों लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। इस मामले में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि अभी भी अस्पताल में भर्ती 200 से अधिक लोगों की हालत बेहद गंभीर है।

### निर्मला सीतारमण का कांग्रेस पर निशाना

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मामले में कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने बताया कि मृतकों में अधिकतर अनुसूचित जाति से हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में जहरीली शराब पीने से अनुसूचित जाति के कई लोगों की मौत हो गई और राहुल गांधी ने मौन साधा हुआ है। निर्मला सीतारमण ने इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा 'जिस राज्य में शराब की बिक्री के लिए दुकानों को सरकार द्वारा लाइसेंस दिए जाते हैं, उसी राज्य के कल्लकुर्ची शहर में जहरीली शराब तैयार की जाती है। आखिर कांग्रेस के नेता मलिल्कार्जुन खरगे और राहुल गांधी कहां हैं?'

### जहरीली शराब पीने से अब तक 56 लोगों की मौत

## BSP सुप्रीमो Mayawati ने भतीजे Akash Anand को फिर घोषित किया उत्तराधिकारी, दोबारा बने नेशनल कोऑर्डिनेटर



संवाददाता,दिल्ली

मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है. उन्हें दोबारा बहुजन समाज पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक भी बना दिया गया है. एक दिन पहले ही आकाश को उत्तराखंड उपचुनाव के लिए पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया गया था. उनका नाम लिस्ट में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर था. मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा के सभी प्रदेश प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें आकाश आनंद भी मौजूद थे. बैठक के दौरान आकाश आनंद ने बुआ मायावती का पैर छूकर आशीर्वाद लिया. यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भतीजे के सिर पर प्यार से हाथ रखकर दुलारा और पीठ थपथपाई.बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान मायावती ने अपने एक फैसले से सभी को चौंका दिया था. उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को 'अपरिपक्व' बताकर पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया था. साथ ही उन्हें परिपक्व होने तक अपना उत्तराधिकारी बनाने से भी मना कर दिया था. दरअसल, लोकसभा चुनाव के दौरान आकाश आनंद बसपा की कई सार्वजनिक रैलियों में काफी अक्रामक नजर आए. उनके कुछ भाषणों की काफी चर्चा हुई थी, जिसमें उन्होंने अपने विरोधियों पर तीखी टिप्पणियां की थीं.

### मायावती ने आकाश पर लिया था एक्शन

ऐसे ही एक भाषण में उन्होंने भाजपा को आतंकवादी पार्टी बता दिया था, जिसे लेकर आकाश पर एफआईआर भी दर्ज हो गई थी. राजनीतिक पंडित मान रहे थे कि आकाश के तेवरों से बसपा एक नई जान आ गई है. इसी दौरान पार्टी प्रमुख मायावती ने आकाश को बसपा के राष्ट्रीय संयोकक पद से हटाने की घोषणा कर दी. उन्होंने एक बयान में कहा था कि आकाश को अभी और परिपक्व होने की जरूरत है. लोकसभा चुनावों में बसपा की बुरी दुर्गति हुई थी और उसका खाता भी नहीं खुल सका था. उल्टा उत्तर प्रदेश में बसपा का वोट प्रतिशत 19 फीसदी से घटकर 10 फीसदी के आसपास रह गया था.



## राहुल गांधी या फिर कोई और? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर जल्द होगा फैसला



संवाददाता,नई दिल्ली

**नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा के शुरुआती सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष पर फैसला हो सकता है। चर्चा है कि राहुल गांधी लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता होने के साथ ही नेता प्रतिपक्ष बन सकते हैं। कांग्रेस के भीतर से लगातार उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की मांग सामने आती रही है। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी इस पद के लिए अपना मन बना रहे हैं। अगले हफ्ते इस पर पार्टी अपना रुख साफ कर सकती है। पार्टी के एक सूत्र का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष को लेकर हम न तो किसी दबाव में हैं और न जल्दबाजी में। पहले सत्र से जुड़ी औपचारिकता होने दीजिए।

### एक दशक बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा

दस साल बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा हासिल होने जा रहा है। दरअसल, मोदी सरकार के पहले दो कार्यकाल में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के सदन में 10 फीसदी नंबर भी नहीं जुट पाए थे। लिहाजा उसे नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिला। इस बार कांग्रेस का संख्याबल 99 है, तो उसके खाते में यह पद आएगा।

### संगठन में भी बदलाव की बात

सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद भी लोकसभा में गांधी परिवार के दो सदस्य रहने की उम्मीद है। दरअसल, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी राहुल द्वारा खाली की गई वायनाड सीट से उम्मीदवार होंगी। ऐसे में उनका आना तय माना जा रहा है। दूसरी ओर आने वाले दिनों में कांग्रेस संगठन के भीतर बड़े पैमाने पर बदलाव की बात कही जा रही है। चार राज्यों में चुनाव हैं। इसके अलावा कांग्रेस उन राज्यों में भी संगठन को मजबूत करने पर जोर देगी, जहां इस लोकसभा में उसका प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस सूची में यूपी सबसे ऊपर है।

# 'पुष्पक' की लगातार तीसरी लैंडिंग के साथ इसरो ने रचा इतिहास, जानिए RLV LEX की खूबियां



**नई दिल्ली:** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसरो के रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग हुई है। भारतीय स्पेस एजेंसी ने बताया कि पुष्पक की लैंडिंग को लेकर ये फाइनल टेस्टिंग थी, जो कामयाब रही। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में आरएलवी एलईएक्स-03 (RLV LEX 03) जिसे 'पुष्पक' नाम दिया गया है, उसकी सफल लैंडिंग हुई। 'पुष्पक' ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्नत स्वायत्त क्षमताओं का प्रदर्शन किया। बेहद सटीक होरिजेंटल लैंडिंग को अंजाम दिया। RLV LEX 03 का ये फाइनल टेस्ट सुबह 7.10 बजे किया गया।'पुष्पक' की सफल लैंडिंग को लेकर इसरो ने बताया कि इससे पहले हमारा आरएलवी एलईएक्स-01,आरएलवी एलईएक्स-02 मिशन भी सक्सेसफुल रहा था। इस बार चुनौतियां ज्यादा थीं, हवा तेज थी और 'पुष्पक' को रनवे से 4.5 किलोमीटर दूर, 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया था। 'पुष्पक' ने बड़ी ही कुशलता से हवा में अपना रास्ता खुद बनाया और रनवे पर उतर गया।यह कामयाबी इसलिए भी खास है क्योंकि 'पुष्पक' की रफ्तार किसी आम हवाई जहाज या लड़ाकू विमान से कहीं ज्यादा थी। 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उतरने के जमीन पर चलते हुए 'पुष्पक' ने अपने आप ही संतुलन बनाए रखा और रनवे पर सीधा चलता रहा। इसरो ने बताया कि यह मिशन दिखाता है कि भविष्य में अंतरिक्ष से लौटने वाले यान कैसे उतरेंगे। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने टीम को इस कामयाबी पर बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ एस उन्नीकृष्णन नायर ने कहा कि यह सतत सफलता भविष्य के कक्षीय पुन: प्रवेश मिशनों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीकों में इसरो के विश्वास को बढ़ाती है।इस मिशन में इसरो के कई सेंटर जैसे कि SAC, ISTRAC, SDSC-SHAR ने साथ मिलकर काम किया। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना (IAF), एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADE), एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (ADRDE), सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थीनेस एंड सर्टिफिकेशन (CEMILAC) के तहत रीजनल सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थीनेस (RCMA), नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरीज (NAL), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर, भारतीय एयरोस्पेस औद्योगिक भागीदार, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी अपना योगदान दिया।

## इस मिशन की खासियत जान आप भी करेंगे सलाम

## UK: चुनाव से ठीक पहले सट्टेबाजी के आरोप में घिरा कंजर्वेटिव पार्टी का एक और अधिकारी



ब्रिटेन में जुलाई में आम चुनाव होने हैं। इससे पहले पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ने नेताओं पर सट्टेबाजी के आरोप लग रहे हैं। अब एक और अधिकारी निक मेसन पर सट्टेबाजी के आरोप लगे हैं। पीएम सुनक ने इस पर नाराजगी जताई है। ब्रिटेन में आम चुनाव के एलान से पहले चुनाव की तारीखों को लेकर सट्टेबाजी के आरोपों ने कंजर्वेटिव पार्टी को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। पार्टी के एक नेता को इस मामले में पहले ही गिरफ्तार किया गया है और कुछ अन्य नेताओं पर भी सट्टेबाजी के आरोप लगे हैं। अब बीच खबर आई है कि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के एक और अधिकारी पर सट्टेबाजी के आरोप लगे हैं। आरोपी अधिकारी भी चुनाव की तारीखों के आधिकारिक एलान से पहले सट्टेबाजी करने में शामिल थे।

### कंजर्वेटिव पार्टी ने इन नेताओं पर भी सट्टेबाजी के आरोप

इससे पहले मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने पीएम ऋषि सुनक के निजी सुरक्षा विभाग के एक अधिकारी क्रेग विलियम्स को भी सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत दी गई। इसके अलावा कंजर्वेटिव पार्टी के अभियान निदेशक टोनी ली और पार्टी की सांसद पद की प्रत्याशी लॉरा सॉन्डर्स पर भी सट्टेबाजी के आरोप लगे थे। बताया गया है कि अपने नेताओं की सट्टेबाजी में कथित संलिप्तता को लेकर पीएम सुनक ने नाराजगी जताई है।

### पीएम ऋषि सुनक ने क्या कहा?

इस मामले में प्रधानमंत्री सुनक का कहना है कि सट्टेबाजी के मामले में जांच जारी है। उन्होंने जांच को सही ठहराते हुए कहा कि कार्रवाई को जारी रखने की अनुमति दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी को नियम तोड़ते हुए पाया गा तो उन्हें कानूनी रूप से परिणाम भी भुगतने होंगे। इसके साथ ही उन्हें कंजर्वेटिव पार्टी से भी बाहर कर दिया जाएगा।

# अयोध्या राम मंदिर में कोई नहीं VIP,अब नहीं लगेगा खास लोगों को चंदन या तिलक ना मिलेगा चरणामृत





**संवाददाता,अयोध्या**

**अयोध्या:** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर की व्यवस्था से जुड़े तीन अहम बदलाव किए गए हैं। अब कोई विशिष्ट व्यक्ति हो या अति विशिष्ट व्यक्ति, श्री राम मंदिर परिसर में उसको चंदन या तिलक नहीं लगाया जाएगा। दूसरा अब किसी को चरणामृत नहीं दिया जाएगा और तीसरा और सबसे अहम यह कि अब दर्शनार्थी पुजारी को पैसा देने के बजाय केवल दान पत्र में ही अर्पण कर सकेंगे।श्री राम जन्मभूमि मंदिर में काफी दिनों से यह शिकायत श्री राम मंदिर ट्रस्ट के पास आ रही थी कि सभी राम भक्तों के साथ समान व्यवहार नहीं हो रहा है। कुछ लोगों को विशिष्ट सुविधा मिल रही हैं। जैसे उन्हें चंदन का तिलक लगाया जा रहा है और चरणामृत दिया जा रहा है। इस व्यवस्था को ट्रस्ट ने समाप्त कर दिया है और अब किसी को विशिष्ट व्यक्ति नहीं माना जाएगा और सभी को एक समान माना जाएगा।

## किसी को चरणामृत मिल रहा है, किसी को टीका लग रहा है

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बदलाव कुछ नहीं हुआ है। कुछ व्यवस्थाओं में परिवर्तन किया गया है। इससे कुछ श्रद्धालुओं के मन में शंका भी होती थी और ट्रस्ट के प्रति रोष भी होता था जैसे किसी को चरणामृत मिल रहा है, किसी को टीका लग रहा है किसी को नहीं मिल रहा है लिहाजा अगर ऐसा हो तो सभी के साथ हो, सभी के साथ समान व्यवहार हो, क्योंकि हमारे लिए सभी बराबर हैं। कुछ इस तरह की प्रतिक्रिया आई थी, इसके बाद यह बदलाव किए गए क्योंकि हमारे लिए सब बराबर हैं।






## जमानत के लिए अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल, Delhi High Court से लग चुका है झटका



**संवाददाता,नई दिल्ली**

जेल की सलाखों से आजादी पाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगने के बाद अब अरविंद केजरीवाल के वकील सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं और दिल्ली के सीएम को राहत देने की मांग की है।

## केजरीवाल ने की तत्काल सुनवाई की मांग

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति मामले में उन्हें जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकील कल (सोमवार) मामले की तत्काल सुनवाई की मांग करेंगे।

## दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

याचिका में कहा गया है- "उच्च न्यायालय ने जमानत रद्द करने के लिए आवेदन पर निर्णय करने के लिए आवश्यक सर्वाधिक वस्तुनिष्ठ मानदंडों को नजरअंदाज कर दिया है, इसलिए जमानत देने के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने वाला विवादित आदेश एक दिन भी कायम नहीं रह सकता है। जमानत आदेश पर रोक लगाने में उच्च न्यायालय द्वारा अपनाया गया तरीका इस माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित कानून के स्पष्ट निर्देशों के विपरीत है और यह उस बुनियादी मौलिक सीमा का उल्लंघन करता है, जिस पर हमारे देश में जमानत न्यायशास्त्र आधारित है।"

## 21 मार्च को गिरफ्तार हुए थे केजरीवाल

केजरीवाल को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले 21 मार्च को दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। मई में उन्हें आम चुनावों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई थी। उन्होंने 2 जून को आत्मसमर्पण कर दिया।

# राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानन्द भोगता आज एक दिवसीय दौरे पर पहुँचे प्रतापपुर




**संवाददाता,चतरा**

**चतरा** : राज्य के लोकप्रिय माननीय मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता जी अपने चतरा प्रवास के दौरान एक दिवसीय दौरे आज प्रतापपुर पहुँचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता जी प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। माननीय मंत्री श्री भोगता जी के कार्यक्रम में आगमन पर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उराँव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात योग्य लाभुकों के बीच अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, बकरी वितरण योजना, बिरसा बागवानी योजना समेत अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय दास, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, मंत्री प्रतिनिधि लवली देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदु यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष किशोर यादव, मुखिया अमरेश सिंह, मुखिया मनीष सिंह, युवा नेता बिनोद भोक्ता, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र सार्थक, पूर्व मुखिया रोहित यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# पूर्व CM हेमंत सोरेन के समन मामले में ED देगी जवाब, अदालत से जांच एजेंसी ने मांगा समय

**संवाददाता,रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत में ईडी के समन की अवहेलना के खिलाफ दाखिल शिकायतवाद निरस्त करने की मांग वाली हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई हुई।सुनवाई के दौरान जवाब दाखिल करने के लिए ईडी ने अदालत से समय देने का आग्रह किया। अदालत ने ईडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।



## हेमंत सोरेन ने क्या कहा?

ईडी के शिकायतवाद को चुनौती देते हुए हेमंत सोरेन ने कहा है कि ईडी के जिस समन पर वह नहीं गए थे, उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर दिया गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार- बार समन जारी किया था। इस कारण ईडी की शिकायतवाद और निचली अदालत के संज्ञान को निरस्त कर देना चाहिए।

# 15 लाख के इनामी माओवादी रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू के घर चिपकाया इश्तेहार



**संवाददाता,रांची**

**गुमला,** बसंत कुमार: गुमला पुलिस ने भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू के घर पर इश्तेहार चिपकाया और अदालत में सरेंडर करने को कहा. पुलिस ने परिजनों से कहा कि सरेंडर नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी. रवींद्र गंझू 15 लाख का इनामी नक्सली है और लंबे समय से फरार चल रहा है.

## इश्तेहार चिपकाकर सरेंडर करने का निर्देश

गुमला जिले की बिशुनपुर पुलिस ने इनामी नक्सली रवींद्र गंझू के लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला रांझी टोली स्थित घर पहुंची और इश्तेहार चिपकाया. इसमें निर्धारित समय पर अदालत में सरेंडर करने को कहा गया है. इसके बाद पुलिस चंदवा थाना क्षेत्र के मडवा गांव स्थित धर्मेंद्र गंझू के घर पहुंची और ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाते हुए तय समय पर उपस्थित होने को कहा.

## 15 लाख का इनामी नक्सली लंबे समय से है फरार

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार कोशिश कर रही है, लेकिन वह उनकी पकड़ से बाहर है. लंबे समय से नक्सली रवींद्र गंझू फरार है. सरकार ने उस पर 15 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है. ऐसे में पुलिस उसे यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि अगर उसने सरेंडर नहीं किया तो घर की कुर्की जब्ती की जाएगी.

## इश्तेहार के बाद होगी कुर्की जब्ती की कार्रवाई

थाना प्रभारी उद्धेश्वर पाल ने बताया कि रवींद्र गंझू उर्फ रविंद्र जी बिशुनपुर थाने में कांड संख्या 12/19/,26/19,27/21,28/21, एवं धर्मेंद्र गंझू 26/19 कांड के प्राथमिक अभियुक्त हैं और लंबे समय से फरार हैं. इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन ये पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहे हैं. न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार आरोपियों के घर पर चिपका दिया गया है. इन्हें निर्धारित समय पर उपस्थित होने को कहा गया है. इसके बाद न्यायालय के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी.

# 2141 विकास योजनाओं की सीएम चंपाई सोरेन ने दी सौगात बोले-झारखंड को बनाएंगे अव्वल

संवाददाता,पूर्वी सिंहभूम

**(पूर्वी सिंहभूम):** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला के मऊभंडार में आयोजित कार्यक्रम में 2141 विकास योजनाओं की सौगात दी. 20484 लाभुकों के बीच करीब 71 करोड़ 63 लाख रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया. उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग और भागीदारी से राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलेंगे. अव्वल राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता है.

## झारखंड को संवारना है मकसद

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को संवारना है. इस राज्य को नई दिशा देना है. समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है. इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है. पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे.

## इन योजनाओं से झारखंड की तस्वीर बदलने की कवायद

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बनाया जा रहा है. लगभग 15 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें बन रही हैं. सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार समेत सभी सभी सेक्टर की व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम हो रहा है. लोगों को आगे बढ़ने के लिए के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर देने का प्रयास जारी है. खेतों में सालों भर पानी रहे, इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है. राज्य में स्थित निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय को नौकरी देने का कानून सरकार ने बनाया है. अब अभियान चलाकर यहां के युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलाई जाएगी. शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बना रहे हैं. यहां के गरीब बच्चे भी इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना समेत कई और योजनाएं चल रही हैं. इन तमाम योजनाओं के माध्यम से यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, गरीब, मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, युवा हर किसी को सशक्त करने का प्रयास जारी है.




## 45 करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 45 करोड़ 79 लाख 99 हज़ार 980 रुपए की 2141 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया. इनमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हजार 580 रुपए की 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ 91 लाख 55 हजार 400 रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी. अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाओं के 20484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख 4 हजार 200 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया.

# झारखंड से यूपी-पंजाब तक जुड़ा है नशीले पदार्थ का नेटवर्क, अफीम के साथ यूपी में पकड़ी गयी महिला तस्कर, हजारीबाग का राजू मांझी करता है अफीम की खेती





संवाददाता,हजारीबाग

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के चरचू निवासी राजू मांझी अफीम की खेती करता है. मादक पदार्थ तस्करी में सक्रिय हजारीबाग के एक गिरोह के माध्यम से राजू मांझी का अफीम उत्तराखंड, यूपी समेत अन्य राज्य में पहुंचता है. यूपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ी गिरोह की महिला तस्कर ने इसका खुलासा किया. महिला तस्कर की पहचान हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित ओखनी तेली टोली के रहने वाली शांति कुमारी पति चंदन सिंह के रूप में की गई है. बीएसपी फाइनल इयर की छात्रा शांति अपने घर से अलग हजारीबाग शहर में किराये के मकान में रहती है. यही रहकर गिरोह के लोगों से जुड़कर अफीम तस्करी का धंधा करने लगी. शांति राजू मांझी से 1,05,000 रुपये प्रति किलो के हिसाब से अफीम खरीदती है. और डेढ़ लाख व इससे ज्यादा में बेचती है. झारखंड से अफीम लाकर बरेली, आसपास के जनपदों और उत्तराखंड में सप्लाई करती है.आरोपी महिला को यूपी एसटीएफ की टीम शाहजहांपुर-बरेली हाईवे पर स्थित सरकड़ा मोड के पास पकड़ा. तलाशी के क्रम में महिला के बैग से छह किलो अफीम बरामद हुई. पूछताछ में महिला ने बताया कि इसका एक गिरोह है, जो मादक पदार्थ की तस्करी करता है. बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के अंजनी गांव निवासी राहुल को अफीम देने वाली थी. महिला के निशानदेही पर नेशनल हाईवे पर सरकड़ा गांव के पास से राहुल को एक किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में राहुल ने बताया कि वह झारखंड से अफीम मंगाता था और हाईवे पर इसकी सप्लाई करता है. उसके साथ ही वह पंजाब के लोगों को भी सप्लाई करता है. दोनों ही तस्कर कई बार अफीम की खेप ले जा चुके हैं.

## झारखण्ड के रांची में ACB की बड़ी कार्रवाई! रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ी गई अफसर और क्लर्क, जानिए क्या है मामला



संवाददाता,रांची

**रांची।** राजधानी रांची में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने शुक्रवार को डोरंडा के नेपाल हाउस स्थित जल संसाधन विभाग की प्रशाखा पदाधिकारी ममता झरना एक्का व अपर डिविजन क्लर्क विजय कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।एसीबी रांची का यह इस वर्ष अब तक का आठवां ट्रैप केस है। पूरा मामला चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि 6.77 लाख रुपये रिलीज करने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का है। पीड़िता मेरी नाग जमशेदपुर के न्यू उलीडीह शिव मंदिर, डिमना रोड, मानगो की रहने वाली हैं।

# मुख्यमंत्री ने बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



संवाददाता,रांची

**रांची :** मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिन्हित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है।

## बुरुडीह डैम का पानी आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को उपलब्ध कराएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं, इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था। इस डैम का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लम्बी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## बुरुडीह डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले सभी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस पर्यटन स्थल में आकर यहां की खूबसूरती का आनंद ले सकें, इस निमित्त डैम को कनेक्ट करने वाला सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नई पहचान देनी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया तथा पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर वृक्ष को संरक्षित करने का संदेश भी दिया।

## अधिकारियों को दिए निर्देश..

मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में किए जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर घाटशिला विधायक श्री रामदास सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अरवा राजकमल, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर श्री किशोर कौशल सहित संबंधित विभाग के वरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिवराज और हिमंता की आज रांची में बैठक, BJP नेताओं के साथ इस मुद्दे पर होगी चर्चा



संवाददाता,रांची

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज (Shivraj Singh Chouhan) सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा (Himanta Biswa Sarma) आज रांची में भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे।प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उनकी टीम के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी बनाए गए दोनों नेता जीत की संभावना तलाशेंगे।भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को विधानसभा चुनाव का प्रभारी और हिमंता बिस्व सरमा को सह प्रभारी बनाया है। हिमंता बिस्व सरमा रविवार को रांची पहुंचेंगे। जबकि शिवराज सिंह चौहान शनिवार शाम रांची पहुंच गए।

## भाजपा कार्यालय में होगी बैठक

रविवार को एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे। दो सत्र में होने वाली बैठक में पहले शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्व सरमा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उनकी कमिटी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, राष्ट्रीय दायित्व वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।इसके बाद दोपहर दो बजे से प्रदेश भाजपा की कोर कमिटी के साथ बैठक होगी। कोर ग्रुप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रवींद्र राय, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत अन्य नेता शामिल हैं।

## बैठक में बनेगी विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति

रविवार को भाजपा कार्यालय में होने वाली बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए आरंभिक रणनीति तैयार होगी। शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्व सरमा दोनों ही कद्दावर नेता माने जाते हैं और अपने राज्य मध्यप्रदेश व असम में भाजपा को जीत दिलाते रहे हैं। इन दो बड़े नेताओं को झारखंड भेजकर भाजपा नेतृत्व ने जीत की जिम्मेदारी दी है। बता दें कि दोनों ही नेताओं ने लोकसभा चुनाव में भी झारखंड का दौरा किया था और प्रचार अभियान में शामिल हुए थे।

# हजारीबाग के विष्णुगढ़ में सुमित ज्वेलर्स से चोरों ने उड़ाए ढाई से तीन लाख के आभूषण

**संवाददाता,विष्णुगढ़**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ बंशीधर अखाड़ा चौक,एसबीआई बैंक के बगल में सुमित ज्वेलर्स से चोर ने उड़ाए ढाई से तीन लाख के आभूषण। दुकान संचालक अरविंद कुमार बर्मन ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मैं किसी कार्यवश हज़ारीबाग जा रहा था। दुकान में अपने बेटे को बिठा कर निकला। इस दौरान एक युवक दुकान में ग्राहक बनकर आया और मेरे बेटे से जेवर दिखाने की बात कही डब्बे से जेवर दिखाने के बाद कहा इस तरह का नही कुछ दूसरे डिजाइन का मेरे बेटे ने जेवर से भरे डिब्बे को सामने वाली दराज में रखा और दूसरा डब्बा निकालने लगा इस बीच युवक कुर्सी से उतरकर सामने गद्दे में बैठकर दराज खोलकर सोने से भरे आभूषण के डब्बे को निकालकर दुकान से निकल गया। चोर के निकलने के पश्चात मेरे बेटे को शक हुआ तो दराज खोलकर देखा तो आभूषण से भरा डब्बा गायब था। मेरे बेटे द्वारा फोन पर चोरी जानकारी मुझे दी गई,तब में टाटीझरिया के आगे से पुनः अपने दुकान वापस आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चोर होंडा साइन से आये थे,सफेद शर्ट पहना चोर बाइक को चालू करके रखा था,दुकान से चोर चोरी कर मोटरसाइकिल में बैठ के रफ्फूचक्कर हो गए। इस घटना की लिखित रूप से विष्णुगढ़ थाने में दुकान संचालक अरविंद कुमार द्वारा दी जा चुकी है। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नही पाया था।




# हजारीबाग नगर निगम के द्वारा चलाया गया नशा मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान

**संवाददाता,हजारीबाग**

**हजारीबाग :** नगर आयुक्त सह प्रशासक के मार्गदर्शन में हजारीबाग नगर निगम अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं तथा नगर निगम टीम के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जहां एक ओर स्वयंसेवी सहायता की महिलाओं के द्वारा लोगों के बीच सघन जागरूकता अभियान चलाकर नशा मुक्त झारखंड ,नशा से होने वाले दुष्प्रभाव ,नशा से बचने के तरीके तथा इसके कुसंगति से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को शपथ दिलाकर इसको दूर करने हेतु संकल्पित किया गया। उपनगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ,कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह ,नगर मिशन प्रबंधक मधु कुमारी,आवास योजना के नोडल अभिषेक सिंह,सामुदायिक संगठनकर्ता, निरमा कुमारी, सोमी श्रीवास्तव, शांति मुकुल खालको,सामुदायिक संसाधन सेविका तथा नगर निगम की टीम के द्वारा इस वृहत कार्यक्रम के तहत विशेष रूप आसपास के वातावरण को नशा मुक्त रखने तथा इसके कुचक्र को तोड़ने हेतु सदैव प्रयासरत रहने की अपील की गई।




# सांसद मनीष जायसवाल की जीत की खुशी में सुशील कुमार महतो ने दी वनभोज की पार्टी

**संवाददाता, विष्णुगढ़**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ एकीकृत पूर्वी, पश्चिमी और टाटीझरिया मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और सभी मंडल अध्यक्षों के लिए एक भव्य वनभोज पार्टी का आयोजन सुशील कुमार महतो द्वारा किया गया। यह आयोजन सांसद मनीष जायसवाल की शानदार जीत की खुशी में आयोजित किया गया था। इस विशेष अवसर पर, सुशील कुमार महतो ने सभी उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया और सांसद मनीष जसवाल की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, "मनीष जायसवाल की जीत हमारे लिए गर्व का विषय है और यह पार्टी उनके सम्मान में आयोजित की गई है। कार्यक्रम के दौरान, कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। सबसे प्रमुख चर्चा का विषय आगामी विधान सभा चुनाव था। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुशील कुमार महतो को भावी विधान सभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में पेश करने की बात कही। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सुशील कुमार महतो की नेतृत्व क्षमता और उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि सुशील जी के नेतृत्व में क्षेत्र का विकास और तेजी से होगा और जनता को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने एकजुट होकर सांसद मनीष जायसवाल की जीत की खुशी मनाई और सुशील कुमार महतो को आगामी चुनावों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस वनभोज ने कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच आपसी संबंधों को और भी मजबूत किया और आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।



# बरही प्रखण्ड के विजैया पंचायत मुख्यालय में विधायक ने कार्यकर्ताओ संग किया बैठक दर्जनों भाजपाईयों ने थामा कांग्रेस का दामन

## निष्ठापूर्वक जनता को विस के विकास योजनाओं से कराएं अवगत कई छोटे बड़े योजनाओ का हुआ है शिलान्यास व उद्घाटन : विधायक

संवाददाता,बरही

**बरही :** पंचायत मुख्यालय विजैया में विधायक उमाशंकर अकेला यादव कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसमे मुख्य रूप से कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा आदि मौजूद थे. बैठक में कई गंभीर मुद्दों पर चर्चाएं हुई. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पूर्व में नाली और गली के शिलान्यास और उद्घाटन होते थे. परंतु उन्होंने अपने कार्यकाल में करोड़ों रुपए की लागत से सैकड़ो बड़ी योजनाएं क्रियान्वित करवाया है. शिक्षा स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में कई बड़े कार्य किए गए हैं. वर्षो से लंबित अनुमंडलीय अस्पताल का पोस्टमार्टम हाउस, अल्ट्रा सोनोग्राफी, एक्सरे, विस्थापितों को हक दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम, बरही की जलापूर्ति योजना सहित दर्जनों बड़े पुल, सड़क, सरकारी भवन, पुल, सड़क, तालाब गहरीकरण आदि जैसे जनहित के कार्यों का जाल बिछाया गया. खराब ट्रांसफार्मर को





तत्काल बदलते हुए विद्युतापूर्ति चालू करवाया गया. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ही गरीब और मजलूनो को अधिकार दिलवा सकती है, प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि विधायक अकेला के कार्यकाल में विकास की झड़ी लगी है. कांग्रेस ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से आगामी विधानसभा की तैयारी में जुट जाने की अपील करते हुए उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाने की बात कही. मौके पर बेलहारा के विकास यादव, परमेश्वर पंडित, छत्रु यादव, चिंतामण रविदास, राजू यादव, डेगलाल रविदास, रूपलाल यादव, हेमलाल यादव, बेलादोहर के रोहित कुमार यादव, बुंडू के वासुदेव यादव आदि भाजपा कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस का दामन थामा. जिन्हे विधायक ने माला पहनाकर स्वागत किया. बैठक में कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, 20 सूत्री सदस्य रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, प्रयाग यादव आदि कई लोग मौजूद थे.

# विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर कांड़तरी पंचायत में हो रहा है चापाकल बोरिंग

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडतरी पंचायत में विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर चापाकल बोरिंग जारी है। दिन रविवार को कांडतरी पंचायत हरिजन मोहल्ला में चापाकल बोरिंग का कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान गांव के बुद्धिजीवियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर बोरिंग का शुभारंभ करवाया गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर, चोवा राम,उमेश राम,बिकास राम,रामू राम,गुरू राम,सिटन राम,मोहन राम,संजय राम,विलास राम,रवि राम,शोभा देवी,बासमती देवी,यशोदा देवी,लक्ष्मी देवी,रानी देवी,चम्पा देवी,सूमन देवी,अनीता देवी, वार्ड सदस्य रिंकी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।




# खरकी में गौरव पटेल के अथक प्रयास से 25 केवी का लगाया गया बिजली ट्रांसफार्मर

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत स्थित कारीडीह में डेढ़ महीने से ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी।इस तपती गर्मी में लोगो का जीना मुहाल हो रहा था।बिजली नही होने से ग्रामीणों को बहुत परेशानी हो रही थी।ग्रामीणों ने अपनी समस्या को मांडू विधानसभा के झामुमो नेता गौरव पटेल के समक्ष रखा।उन्होंने बिजली विभाग से 25 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। जिसका उद्घाटन खरकी पंचायत के झामुमो अध्यक्ष सुरेश हंसदा ,जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष देवीराम हेम्ब्रम,महेंद्र भोक्ता ने फीता काट कर स्विच ऑन कर किया। मौके पर मनोज गंझू, केशु गंझू, कुंजलाल, पूरन, नरेश, बनवारी, कैलाश ,पच्चू, मघो,आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# श्री महाबीर एजेंसी यूबीएस (अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशन) का उद्घाटन किया गया



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ ब्लॉक रोड में 22 जून 2024 को श्री महाबीर एजेंसी यूबीएस (अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशन) का विधिवत उदघाटन फीता काट कर किया गया । (यूबीएस जोनल हेड) आर के दास, (आर एच एम अल्ट्राटेक सीमेंट एलटीडी.), स्वप्निल मिश्रा, (टी.एस.एच. अल्ट्राटेक सीमेंट एल टी डी.), शशि भूषण और यूबीएस के सभी अधिकारी एवं श्री महावीर एजेंसी के प्रोपराइटर रंजीत बरनवाल, शालिनी बरनवाल, किशुन प्रसाद बरनवाल इत्यादि कई लोग उपस्थित थे। यूबीएस से जनता को नये घर का नक्शा और घर निर्माण में लगने वाली सभी चीजें एक ही जगह उपलब्ध मिलेगी और साथ ही साथ इंजीनियर का सपोर्ट डायरेक्ट कस्टमर को मिलेगा एवं पुराने घर में लीकेज पीसेज की समस्या का समाधान आपको एक ही जगह पे मिलेगा और भी बहुत तरह की सुविधा एक जगह उपलब्ध करवायेगा जिसके लिये अब ग्राहकों को घर निर्माण के लिए कहीं भाग दौड़ करने की जरुरत नहीं पड़ेगी।।




# ब्राउन शुगर एवं देह व्यापार के चपेट में हजारीबाग सरकार निजात दिलवे -डा आरसी प्रसाद मेहता

**हजारीबाग-** एकीकृत बिहार के कश्मीर माने जाने वाला हजारीबाग का क्षवि धुमिल,जिला के नौजवान ब्राउन शुगर इत्यादि का शिकार हैं जो व्यक्ति 3 वर्ष तक इस नशा का सेवन करेगा उसका लिवर हार्ट फेफडा इनफेक्टेड होता है जिस कारण नसेडी का मृत्यु होता है,जिले में कोरोना के बाद गिट्टी पत्थर बालू के अभाव में बेरोजगारी बड़ी गरीबी के कारण बेरोजगार ब्राउन शुगर का व्यापार करने लगे जो महिलाएं मजदूरी करती थी वह आज देह व्यापार करने को मजबूर है जिले में देह व्यापार और बराउन शुगर का धंधा जोरों पर चल रहा है जिला प्रशासन चाहे तो नित्य दिन ब्राउन शुगर माफिया को पकड़ सकती है जिसमें जिला प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है बालू के लिए हजारीबाग जिले में त्राहि त्राहि बचा हुआ है सरकार मुख्य दर्शक बनी हुई है समाज सेवियों के मांग पर पूर्व एसपी कार्तिक एस एवं उपयुक्त विक्रम आनंद के द्वारा समय-समय अभियान चलाया जाता था। माफियाओं पर शिकंजा कसा जाता था जो आज नदारत है नगरपालिका, सदर अस्पताल में परिवहन चुंगी वसूला जा रहा है अनेकों ऑफिस पर माफिया काबिज है जिले में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है हजारीबाग में भूमाफिया भूमि हड़प रहे हैं यह बातें हजारीबाग सदर विधानसभा के उपविजेता आरसी मेहता ने पिटिसी स्थित अपने कार्यालय में कहा। उन्होंने कहा कि आदरनिय मुख्य मंत्री चंपई सोरेन से मांग करता हूं कि हजारीबाग को भू माफिया ब्राउन शुगर माफिया देह व्यापार से निजात दिलावें एवं माफिया को कड़ी सजा दिलावें ।



# झामुमो बरही विस प्रभारी ने पेयजल व स्वच्छता मंत्री से किया भेंट, सौंपा ज्ञापन



**शीघ्र चालू होगा बरही की पेयजलापूर्ति योजना, घर घर मिलेंगे शुद्ध जल : मंत्री**

**बरही ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की बरही विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा ने राज्य के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से उनके आवासीय कार्यालय रांची में मुलाकात किया. उक्त जानकारी झामुमो के युवा नेता विवेक विश्वकर्मा ने देते हुए बताया कि झामुमो नेता ने मंत्री से बरही व चौपारण में व्याप्त भीषण पेयजल समस्याओं का चर्चा करते हुए जवाहर घाटी स्थित महत्वाकांक्षी जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू करवाने हेतु ज्ञापन सौंपा. मंत्री को बताया कि झामुमो के आंदोलन और राज्य सरकार के प्रयास से इस योजना के 80 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुके है. विभागीय लापरवाही के कारण योजना चालू नही किया जा सका है. जिसके कारण बरही व चौपारण प्रखंड क्षेत्र की यह महत्वपूर्ण योजना अब तक लंबित पड़ा है और क्षेत्र ने पेयजल को लेकर हाहाकार मचा है. मंत्री ने श्री विश्वकर्मा की बातों को गंभीरता से लिया और आश्वस्त किया कि लंबित जलापूर्ति योजना अतिशीघ्र चालू करवाते हुए बरही तथा चौपारण के लोगो को घर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जायेगा.

# पूर्व विधायक ने झारखंड चुनाव प्रभारी व उप प्रभारी से किया शिष्टाचार भेंट, विस चुनाव पर हुई चर्चा



**बरही।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और वही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव झारखंड प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उप प्रभारी सह असम के सीएम हेमंत विश्वशर्मा से रांची में गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार भेंट किया. उक्त जानकारी पूर्व विधायक की निजी सचिव भूपेंद्र यादव ने देते हुए बताया कि इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालातो पर चर्चाएं हुई. इस दौरान स्थानीय सांसद का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे. पूर्व विधायक ने केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर बधाई देते हुए केंद्रीय मंत्री को शुभकामनाएं दी. श्री यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की ढुलमुल नीति और अदूरदर्शी शासन से राज्य की जनता परेशान है. गरीबों के नाम पर राजकोष की लूट मची है. राज्य की जनता के बार फिर भाजपा की देख रहा है. इस दौरान दोनों प्रभारियाओ ने राज्य में होने वाले विस चुनाव को लेकर कई गंभीर विषयों पर चर्चा किया.

# कब तक तैयार हो जाएगी ये फोर लेन सड़क? CM नीतीश ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिया ये निर्देश



**पटना।** राजधानी में निर्माणाधीन मीठापुर- सिपारा-महुली-पुनपुन फोर लेन सड़क के प्रथम चरण का निर्माण कार्य इसी वर्ष दिसंबर में पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को आला अधिकारियों के साथ इस निर्माणाधीन परियोजना का निरीक्षण किया।उन्होंने पूरे प्रोजेक्ट की प्रगति के बारे में जानकारी ली। दो फेज में चल रहे निर्माण के तहत 11 किमी लंबे सड़क का निर्माण होना है।

## पहले फेज का निर्माण कुछ इस तरह चल रहा

इस प्रोजेक्ट का निर्माण दो फेज में कराया जा रहा। पहले फेज के तहत सिपारा-परसा-महुली के बीच फोर लेन का निर्माण कराया जा रहा। इसकी लंबाई 6.7 किमी है। इसमें 5.4 किमी एलिवेटेड सड़क है। सिपारा के पास इस पथ को न्यू बाइपास (एनएच-31) फोरलेन से जोड़ा जाएगा।

## दूसरे फेज का निर्माण इस योजना के तहत

इस सड़क के दूसरे फेज के निर्माण के तहत मीठापुर-सिपारा तथा महुली-पुनपुन के बीच फोर लेन सड़क का निर्माण होना है। इसकी लंबाई 4.3 किमी है। इसमें मीठापुर से सिपारा तक 2.1 किमी एलिवेटेड सड़क है। इस पथ को संपतचक पथ से भी जोड़ने का काम चल रहा।

## मुख्यमंत्री ने काम को तेजी से पूरा किए जाने का दिया निर्देश

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तेजी से काम पूरा किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो जाने पटना के शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। पुनपुन तथा संपतचक क्षेत्र में आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा।

# बिहार के नवादा में CBI की टीम पर हमला, यूजीसी नेट पेपर लीक की जांच करने पहुंची थी टीम




**संवाददाता,नवादा**

यूजीसी नेट पेपर मामले में बिहार के नवादा में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर गांव वालों ने हमला कर दिया. ग्रामीणों ने सीबीआई टीम को नकली टीम समझकर उसमें शामिल अधिकारियों से मारपीट की. जब उन्हें ये भरोसा हुआ कि ये असली सीबीआई टीम है तब उन्हें छोड़ा गया. इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है.यूजीसी नेट परीक्षा को शिक्षा मंत्रालय की ओर से रद्द कर दिया गया था. इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है. मामले की जांच कर रही टीम शनिवार रात मोबाइल लोकेशन के आधार पर बिहार के नवादा गांव में पहुंची थीं. यहां टीम लोगों से पूछताछ कर ही रही थी कि तभी गांव वालों ने नकली सीबीआई टीम समझ अधिकारियों पर हमला कर दिया. गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई. जब अधिकारियों ने अपना परिचय दिया तो ग्रामीणों ने उन्हें छोड़ा.

## सीबीआई टीम को नकली बताकर हमला

शनिवार को लगभग 4 बजे सीबीआई की टीम नवादा पुलिस बल के साथ मुरहेना के कसियाडीह गांव निवासी फूलचंद प्रसाद व उनकी पत्नी बबिता देवी के घर की तलाशी लेकर लोटने ही वाली थी कि करीब 200-300 लोगों की भीड़ जमा हो गई. ग्रामीणों ने सिविल ड्रेस में रहे सीबीआई टीम को नकली बताकर घेर लिया.हालांकि, सीबीआई अधिकारियों ने अपना पहचान पत्र भी दिखाया. साथ ही नवादा नगर थाना की महिला सिपाही काजल कुमारी की ओर से भी लोगों को समझाने का प्रयास किया गया. इसके बाद भी भीड़ ने एक न सुनी और अधिकारियों के साथ बदतमीजी करने लगे. मामला बढ़ते देख सीबीआई की टीम ने रजौली थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस जब तक पहुंचती उससे पहले ही ग्रामीणों ने सीबीआई की टीम पर हमला बोल दिया. हमले में सीबीआई टीम की गाड़ी चला रहे संजय सोनी घायल हो गए.बताया जा रहा है कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार एक युवक की निशानदेही पर कसियाडीह की एक युवती की तलाश में सीबीआई की टीम पहुंची थी. छापेमारी में सीबीआई टीम ने दो मोबाइल के साथ कुछ बैंक पासबुक और यूजीसी नेट से संबंधित कुछ कागजात बरामद कर अपने साथ ले गई है.

# रेप किया, वीडियो बनाई, फिर दो साल तक नाबालिग को बनाता रहा हवस का शिकार... कोर्ट ने सुनाई ये सजा



**संवाददाता,भागलपुर**

**भागलपुर :** बिहार के भागलपुर में एक रेप के आरोपी को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है. आरोपी पर नाबालिग के साथ रेप और उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने का आरोप सिद्ध हुआ है. कोर्ट ने इस मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है. इसके अलावा आरोपी पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है.यह मामला भागलपुर जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र का है. यहां साल 2020 में इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया था. आरोपी पीयूष कुमार ने इलाके की एक नाबालिग लड़की को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया था. इसके बाद पीड़िता के साथ बलात्कार कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया. आरोपी पीयूष ने नाबालिग को ब्लैकमेल करके उसके साथ 2 साल तक यौन शोषण किया. जब पीड़िता मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई तो उसने पीयूष की बात मानने से इनकार कर दिया. इससे गुस्साए आरोपी ने नाबालिग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया.

## क्या बोले पोक्सो कोर्ट के वकील?

पोक्सो कोर्ट के सरकारी वकील नरेश राम ने बताया कि दोषी पीयूष कुमार ने पीड़िता को दोस्त से मिलने के बहाने उसे कहलगांव स्थित गांगुली पार्क में बुलाया था. जहां आरोपी पीयूष ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश कर दिया. उसके बाद उसे अपने साथ ले जाकर इस दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इस दौरान ही उसने पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था. आरोपी दो साल तक पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा.

## कैसे लिया पुलिस ने एक्शन?

पीड़िता ने उसके इस व्यवहार से तंग आकर मिलने से इनकार किया तो आरोपी पीयूष ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. वायरल वीडियो पीड़िता के परिवार वालों ने देखा तो पीड़िता से इसके बारे में पूछा गया. पीड़िता ने बिलखते हुए उन्हें पूरी घटना के बारे में बताया. माता-पिता के द्वारा मई 2022 को कहलगांव में लिखित आवेदन दिया. जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया और वीडियो को सबूत के तौर पेश किया गया. मामले में नौ गवाहों के बयान दर्ज किए गए. लड़की के नाबालिग होने के कारण आरोपी पर पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. वहीं आरोपी को दोषी पाते हुए उसे 20 साल जेल की सजा और 20 हज़ार का जुर्माना भी लगाया गया.

# रिसेप्शन के लिए सोनाक्षी ने चुना सुर्ख लाल जोड़ा, व्हाइट अटायर में जंचे जहीर

सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। दोनों रजिस्टर्ड मैरिज कर चुके हैं। कपल जल्द ही शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट में रिसेप्शन पार्टी देने वाला है।

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने शादी के लिए सफेद रंग का आउटफिट चुना था। वहीं, रिसेप्शन पार्टी में अभिनेत्री सुर्ख लाल जोड़े में सजी नजर आई हैं। साथ ही जहीर इकबाल को ऑल व्हाइट अटायर में स्वैग बिखेरते देखा गया है।



# भारत ने साउथ अफ्रीका को किया क्लीन स्वीप, आखिरी वनडे में 6 विकेट से मारी बाजी



भारत की महिला टीम और साउथ अफ्रीका की महिला टीम के बीच वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला गया। इस मैच को भारतीय महिला टीम ने अपने नाम किया। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया और साउथ अफ्रीका की टीम को क्लीन स्वीप कर दिया। भारतीय टीम ने तीसरे वनडे मैच में साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने इस मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। पहले गेंद और फिर बल्ले से खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। भारतीय टीम की जीत में स्मृति मंधाना का रोल सबसे अहम रहा।

## कैसा रहा मैच का हाल

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए तीसरे वनडे मैच में साउथ अफ्रीका की कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। जहां उन्होंने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 215 रन बनाए। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया की गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। साउथ अफ्रीका ने पहले विकेट के लिए 102 रन जोड़े, लेकिन अरुंधति रेड्डी ने भारत को पहली सफलता दिलाई और यहां से साउथ अफ्रीका की टीम ने समय-समय पर विकेट खोना शुरू कर दिया। इस दौरान अरुंधति रेड्डी और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले, वहीं श्रेयंका पाटिल और पूजा वस्त्रकार ने एक-एक विकेट मिले।

## भारत ने आसानी से किया रनचेज

रनचेज के दौरान टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने शानदार खेल दिखाया। जहां स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 61 रन जोड़े। इसके बाद शेफाली वर्मा 25 रन बनाकर आउट हो गई। शेफाली वर्मा के आउट होने के बाद स्मृति मंधाना ने तेजी से बल्लेबाजी करना जारी रखा। हालांकि वह 83 गेंदों पर 90 रन बनाकर आउट हुईं और अपने शतक से चूक गईं। स्मृति मंधाना के पास इस सीरीज में तीसरा शतक लगाने का शानदार मौका था। स्मृति मंधाना के अलावा टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी शानदार बल्लेबाजी की और उन्होंने 48 गेंदों पर 42 रन जोड़े। टीम इंडिया जो 216 रनों के टारगेट का पीछा कर रही थी, उन्होंने 40.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 220 रन बनाकर इस मैच को अपने नाम बड़ी आसानी के साथ कर लिया।

# स्मृति मंधाना ने महिला क्रिकेट में रचा इतिहास, ये कमाल करने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी बनीं



साउथ अफ्रीका वुमेंस क्रिकेट टीम इस समय भारत के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच खेली गई 3 मैचों की वनडे सीरीज में टीम इंडिया ने कमाल का प्रदर्शन किया। वह 3-0 से इस सीरीज को अपने नाम करने में कामयाब रही। इस सीरीज में टीम इंडिया की जीत की हीरो स्मृति मंधाना रहीं। स्मृति मंधाना ने तीनों मैचों में धमाकेदार बल्लेबाजी की। इस सीरीज के दौरान उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया जो इससे पहले कोई भी महिला खिलाड़ी नहीं कर सकी थी।

## स्मृति मंधाना ने महिला क्रिकेट में रचा इतिहास

स्मृति मंधाना ने इस सीरीज के शुरुआती दो मैचों में शतक जड़ा था। वहीं, आखिरी मैच में उन्होंने 83 गेंदों पर 90 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 11 चौके जड़े। स्मृति मंधाना ने इस सीरीज में कुल 343 रन बनाए। इसी के साथ वह तीन मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। इससे पहले किसी भी महिला खिलाड़ी ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में इतने रन नहीं बनाए थे। उन्होंने लौरा वोल्वार्ड्ट का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने इसी साल श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों में 335 रन बनाए थे।

## ऐसा करने वाली एशिया की पहली खिलाड़ी

स्मृति मंधाना ने इस कमाल के प्रदर्शन के साथ एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह एशिया की पहली खिलाड़ी बनी हैं जिसने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 300+ रन बनाए हैं। इससे पहले एशिया की सीरीज भी खिलाड़ी ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 300 रन का आंकड़ा नहीं छुआ था। वहीं, इसी दौरान उन्होंने वनडे में अपने 3500 रन पूरे किए। बता दें, वह वनडे में 3500 रन बनाने वाली तीसरी सबसे तेज खिलाड़ी बनी हैं।




SCORPIO
CLASSIC
NOTHING ELSE WILL DO


SPORT
UTILITY
VEHICLES
A CLASSIC
CONQUEROR INDEED